भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4776
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 22 जुलाई, 2019
31 आषाढ़, 1941 (शक)

केन्द्र संरक्षित स्मारकों हेतु प्रस्ताव

4776. श्री एस. ज्ञानतिरावियम:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान सरकार को कुछ स्मारकों को केन्द्र द्वारा संरक्षित स्मारकों की घोषणा के लिए विभिन्न राज्यों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार या एएसआई ने इस संबंध में कोई अतिरिक्त जानकारी मांगी है;
(घ) यदि हां, तो इन प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ङ) गत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में केंद्रीय रूप से संरक्षित संरचनाओं का ब्यौरा क्या है; और
(च) स्मारकों के समुचित संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाये जाने का विचार है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख) : जी, हां। ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।
(ग) : जी, नहीं।
(घ) : ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।
(ड.) : पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में किसी भी संरचना को केन्द्रीय संरक्षित घोषित नहीं किया गया है।
(च) : राष्ट्रीय महत्व के घोषित किए गए स्मारकों और स्थलों का संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा उपलब्ध जनशक्ति और वित्तीय संसाधनों के भीतर स्मारक/स्थल की आवश्यकतानुसार नियमित आधार पर किया जाता है। इसके अलावा, कुछ महत्वपूर्ण केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों पर पर्यटक आधारित सुविधाएं (उदाहरणार्थ पेयजल, शौचालय ब्लॉक, दिव्यांगजनों हेतु सुविधाएं, पगडंडी, सांस्कृतिक सूचना पट्ट, संकेतक, वाहन पार्किंग, अमानती सामान घर आदि) उपलब्ध कराई जाती हैं।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 22.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 4776 के भाग (क), (ख) और (घ) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय संरक्षण के लिए चिन्हित/प्रस्तावित स्मारकों/स्थलों की सूची

क्र.सं.	स्मारक/स्थल का नाम	राज्य	की गई कार्रवाई/अवस्थिति
1.	तर्नेकल गांव	आंध्र प्रदेश	केंद्रीय संरक्षण के लिए विचार नहीं किया गया।
2.	सेन्ट फिलोमिना चर्च, कूनमावुआ	केरल	केंद्रीय संरक्षण के लिए विचार नहीं किया गया।
3.	चोंडी स्थित पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर	महाराष्ट्र	केंद्रीय संरक्षण के लिए विचार नहीं किया गया।
4.	रानीपुर झरिया, वोलांगीर में मंदिर समूह	ओडिशा	संरक्षित
5.	रामगढ़िया किला	पंजाब	जांच की जा रही है।
6.	गोरखा कालखंड के प्राचीन किले का संरक्षण	उत्तराखण्ड	जांच की जा रही है।
7.	भगवान बुद्ध से संबंधित जनपद महाराजगंज स्थित स्थान	उत्तर प्रदेश	जांच की जा रही है।
8.	राजा हरिप्रसाद मल किले का संरक्षण	उत्तर प्रदेश	जांच की जा रही है।